नीतीश की 'गंदी बात' पर देशभर में भड़की आग, नेताओं ने बताया इसे मानसिक दिवालियापन

# भाजपा विधायक परिषद में ही रोने लगीं मुख्यमंत्री ने बिहार को किया 'शर्मसार'

बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञान की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार ने ऐसे बयान दिया कि दूसरों के सामने कहना भी कठिन है। परिषद की बैठक में सीएम नीतीश ने बेशर्मी के साथ सेक्स का ज्ञान देते रहे। वो भी अश्लील

एजेंसी ▶▶ पटना


बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञान की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार परिषद में कुछ अधिक ही बोल गए। यहां पर उन्होंने वो बातें कह दी, जिसे हम लिख नहीं सकते हैं। नीतीश जब परिषद में बयान दे रहे थे, तब उनके पीछे बैठी एक महिला मंत्री कभी इधर तो कभी उधर देख रही थी। शायद में मंत्री के मन में चल रहा होगा कि गलत समय पर यहां बैठ गई। तब ही तो वह मुंह छिपाने का भी प्रयास कर रही थीं। बिहार सीएम ने जो कुछ भी कहा उसे सुन भाजपा की विधान पार्षद निवेदता सिंह रो बैठी। सदन से बाहर आने पर निवेदता ने कहा कि नीतीश ने बिहार को शर्मसार करने का काम किया है। सिंह ने कहा कि वे भी एक पिता हैं। हम भी मां, बहन, पत्नी और सीएम बोल रहे थे और हम सभी उनकी बातों को सुन रहे थे। मैं तो सदन से बाहर निकल गई। अगर चाहती तो सीएम को जवाब देकर बाहर आती। लेकिन मेरे नेता वहां बैठे थे, इसलिए मैं चुप रही।



## देशभर के नेताओं ने बताया शर्मनाक, इतिहास की अब तक की सबसे भद्दी भाषा

नीतीश पर भड़के अश्विनी चौबे

### यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, तत्काल इस्तीफा दें



भाजपा को नीतीश के इस बयान में महिलाओं को अपमान नजर आया और कई नेताओं ने नीतीश कुमार की आलोचना की। नीतीशकी विधानसभा में महिलाओं पर कई गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है। आज तक के इतिहास में किसी ने भी अब तक इस तरह की भद्दी टिप्पणी नहीं की होगी। उन्होंने महिलाओं को लेकर जिस तरह की अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया है, वह बहुत दुर्भावनापूर्ण है। उन्हें तुरंत पद से इस्तीफा देना चाहिए।

बिहार भाजपा अध्यक्ष

### नीतीश ने महिलाओं का किया अपमान

बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नीतीश के शब्दों के लिए उनकी निंदा की। उन्होंने कहा कि बिहार की साढ़े छह करोड़ महिलाएं शर्मसार हो गई हैं। बिहार की मां, बेटी और बहनें अब नीतीश कुमार की सभा में जाने से भागेंगी। उनका भाषा पर कोई लगाम नहीं है. इसके पहले भी वे इस तरह की कई अशोभनीय टिप्पणी कर चुके हैं।



केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा

### लालू यादव परिवार के साथ ऐसे बयान सुनेंगे, नीतीश मानसिक बीमार



केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने तेजस्वी यादव के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा है कि क्या लालू प्रसाद यादव अपनी बहू-बेटियों और पोते-पोतियों के साथ बैठकर नीतीश कुमार का बयान सुनेंगे? सिंह ने इसके साथ ही नीतीश पर बड़ा हमला बोलते हुए उन्हें मानसिक रूप से बीमार बताया। सिंह ने कहा कि नीतीश अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और वह डिमेंशिया के शिकार हो गए हैं। वे अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी पार्टी के नेताओं का नाम भूल जा रहे हैं। भाषण देते हुए कुछ का कुछ बोले जा रहे हैं। लेकिन,जो कहा वह कल्पना से परे है। उन्हें अब पद पर नहीं रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद ने कहा

### 1 नहीं 100 बार माफी मांगनी चाहिए गंगाजल पीकर तपस्या करें



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नीतीश के बयान को लेकर कहा कि यह बहुत आपत्तिजनक है। बिहार समेत देश दुनिया की मां और बहने उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। नीतीश को एक बार नहीं 100 बार माफी मांगनी चाहिए। राय ने कहा कि नीतीश को गंगाजल पी-पीकर गंगा के तट पर तपस्या करके अपना जीवन बिताना चाहिए। गिरिराज सिंह, समेत भाजपा के कई नेताओं ने भी नीतीश-तेजस्वी के बयानों की निंदा की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर नीतीश का पुतला फूंका। पटना में भी पुतला फूंका।

भाजपा के निखिल बोले

### सीएम के देह, दिमाग और दिल में संतुलन नहीं



भाजपा नेता निखिल आनंद ने भी वीडियो शेयर करते सीएम पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बिहार के सीएम उम्र के ढलान पर हैं और उनका देह-दिमाग-दिल आपस में संतुलन स्थापित नहीं कर पा रहा है। अपनी जिद में नीतीश जी बिहार को किस रसातल की गर्त में पहुंचाएंग. सदन में सीएम की ऐसी भाषा पर सत्ता पक्ष ठहाके लगा रहा है। सत्ता के नशे में चूर, इन्हें शर्म भी नहीं आती।

चिराग ने दी प्रतिक्रिया

### नीतीश कुमार को अब इलाज की जरूरत



चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार को अब इलाज की जरूरत हो गई है।। 'मानसिक तौर पर मुख्यमंत्री बीमार'। चिराग ने नीतीश के दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद कहा कि नीतीश गंभीर नेता थे। लेकिन गंभीर नेता के बयान अश्लील शब्दों में दिखे यह कहीं से भी स्वीकार नहीं है। मैंने कभी उन पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की है। पर आज मुझे लगता है कि उनको लेकर जो अफवाहें हैं वह सही है।

# मीडिया व मनोरंजन उद्योग में सालाना 20% की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ पणजी



भारत के बाजार की विश्व रैंकिंग 5वें नंबर पर है, जो भारत की मीडिया और मनोरंजन उद्योग की शक्ति दर्शाती है। यह बाजार पिछले तीन वर्षों में 20 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि के साथ हर साल बढ़ रहा है। भारत में बनी फिल्में देश के कोने-कोने में छा गई हैं और अब दुनिया के दूर-दराज स्थानों तक पहुंच रही हैं। यह बात केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गोवा में 54वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उदघाटन के वक्त कही। ठाकुर ने घोषणा की कि यह महोत्सव 20 नवंबर से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होगा। ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार विश्व सिनेमा के दीप्तिमान सितारे माइकल डगलस को प्रदान किया जाएगा, जिन्हें सिनेमाई जगत में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है इफ्फी के अंतरराष्ट्रीय खंड में प्राप्त फिल्मों की संख्या में तीन गुना वृद्धि देखी गई है और यह आकर्षण का परिचायक है।

## पुरस्कार की शुरुआत भी की

नए शुरू किए गए ओटीटी पुरस्कारों के बारे में उन्होंने कहा,कोविड-19 महामारी के बाद से ओटीटी उद्योग ने भारत में वृद्धि की है । यह मंच हजारों लोगों को रोजगार दे रहा है। 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में 32 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं और विजेता को दस लाख की राशि से सम्मानित किया जाएगा।


## फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.

CIN : L52324DL1981PLC012033

पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028

E- Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com Tel: 011-25774212-214, 25771629

30 सितम्बर 2023 को समाप्त तिमाही / अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(आंकड़े लाखों में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम | | | | | समेकित परिणाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2022 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 87.69 | 85.36 | 79.57 | 83.11 | 74.38 | -2.18 | -4.52 | -10.31 | -6.76 | -15.50 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 87.69 | 85.36 | 79.57 | 83.11 | 74.38 | -2.18 | -4.52 | -10.31 | -6.76 | -15.50 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 67.14 | 64.44 | 59.02 | 62.19 | 45.56 | -22.73 | -25.43 | -30.86 | -27.68 | -44.32 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 67.14 | 64.44 | 59.02 | 62.19 | 45.56 | -10.27 | 154.97 | 239.52 | 329.13 | 716.80 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| रिजर्व (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | -346.70 | - | - | - | - | 2943.19 |
| अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| बेसिक : | 0.95 | 0.92 | 0.84 | 0.88 | 0.65 | -0.15 | 2.20 | 3.40 | 4.68 | 10.15 |
| डायल्युटेड : | 0.95 | 0.92 | 0.84 | 0.88 | 0.65 | -0.15 | 2.20 | 3.40 | 4.68 | 10.15 |

परिसम्पत्तियों और देनदारियों का अअंकेक्षित विवरण

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन 30 सितम्बर 2023 के अनुसार राशि लाखों में | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2023 के अनुसार राशि लाखों में | समेकित 30 सितम्बर 2023 के अनुसार राशि लाखों में | समेकित 31 मार्च 2023 के अनुसार राशि लाखों में |
|---|---|---|---|---|---|
| I. | परिसम्पत्तियां | | | | |
| 1 | गैर वर्तमान परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (ए) सम्पत्ति प्लांट और उपकरण | 0 | 2.08 | 0 | 2.08 |
| | (बी) वित्तीय परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (i) निवेश | 370.31 | 370.31 | 3601.18 | 3,420.68 |
| | (सी) अन्य गैर-वर्तमान परिसम्पत्तियां | 0 | - | 0 | - |
| | | **370.31** | **372.39** | **3601.18** | **3,422.76** |
| 2 | वर्तमान परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (i) प्राप्तियोग्य ट्रेड | - | - | - | - |
| | (ii) नकद एवं नकद समकक्ष | 86.55 | 27.86 | 86.55 | 27.86 |
| | (बी) वर्तमान कर परिसम्पत्तियां (शुद्ध) | 2.31 | 2.31 | 2.31 | 2.31 |
| | (सी) अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां | 3.73 | 1.22 | 3.73 | 1.22 |
| | | **92.59** | **31.39** | **92.59** | **31.39** |
| | कुल | **462.9** | **403.78** | **3693.77** | **3,454.15** |
| II. | इक्विटी और देनदारियां | | | | |
| | इक्विटी | | | | |
| | (ए) इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| | (बी) अन्य इक्विटी | -287.68 | (346.70) | 2943.19 | 2,703.67 |
| | कुल इक्विटी | **416.32** | **357.30** | **3647.19** | **3,407.67** |
| | देनदारियां | | | | |
| 1 | गैर वर्तमान देनदारियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय देनदारियां | | | | |
| | (i) उधार | 43.00 | 43.00 | 43.00 | 43.00 |
| | | **43.00** | **43.00** | **43.00** | **43.00** |
| 2 | वर्तमान देनदारियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय देनदारियां | | | | |
| | (i) भुगतान योग्य ट्रेड | - | - | - | - |
| | ए) एमएसई के अतिरिक्त क्रेडिटर्स को देय कुल बकाया | 2.48 | 2.70 | 2.48 | 2.70 |
| | (ए) अन्य वर्तमान देनदारियां | 0.54 | 0.79 | 0.54 | 0.79 |
| | (सी) वर्तमान कर देनदारियां | 0.56 | - | 0 | - |
| | | **3.58** | **3.48** | **3.58** | **3.48** |
| | कुल | **462.9** | **403.78** | **3693.77** | **3,454.15** |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट http://www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
हस्ता/-
(निवेदन भारद्वाज)
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन–00040191)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08.11.2023


## पुरस्कार और डिग्री प्रदान करतीं राष्ट्रपति




श्रीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, उत्तराखंड के 11वें दीक्षांत समारोह में पुरस्कार और डिग्री प्रदान की।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव बड़ौता गांव के जीएसएसएस में लड़कियों और लड़कों के शौचालय सैट्स का निर्माण (डी-प्लान) + 4 कार्य। | 07.11.2023 10.11.2023 | 27.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव चिडाना, ब्लॉक मुंडलाना में अम्बेडकर भवन (एसडीओ लेवल पर) की चारदिवारी का निर्माण + 4 कार्य। | 06.11.2023 10.11.2023 | 24.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.co |
| 3 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव शामड़ी लोहचब, ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में एसएलडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 11 कार्य। | 06.11.2023 14.11.2023 | 79.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज कथूरा सोनीपत | गांव ढाणा अल्दादपुर में ठोस कचरा प्रबंधन 2 का निर्माण + 11 कार्य। | 07.11.2023 10.11.2023 | 55.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | गांव खुड्डन, ब्लॉक माचरौली, जिला झज्जर में आईपीबी फील्ड रास्ता (7 कि.मी.) का निर्माण। | 06.11.2023 14.11.2023 | 303.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | गांव कोंदरावली, ब्लॉक साल्हावास, जिला झज्जर में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 5 कार्य। | 04.11.2023 10.11.2023 | 127.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | गांव आसौदा टोडरान, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में दादा बुढा मंदिर आदर्श तालाब का निर्माण। | 06.11.2023 14.11.2023 | 41.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में सेंट्रल लाइब्रेरी हेतु मेडिकल बुक्स की आपूर्ति के लिए निविदा। | 10.11.2023 24.11.2023 | 80000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416138333 kcgmckaral13@gmail.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में सेंट्रल लाइब्रेरी हेतु भारतीय और विदेशी जरनल्स की आपूर्ति के लिए निविदा। | 10.11.2023 24.11.2023 | 80000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416138333 kcgmckaral13@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज, झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव चांगरोड में पार्क का निर्माण + 3 कार्य। | 06.11.2023 14.11.2023 | 28.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | बस क्यू शेल्टर - गांव फतेहगढ़ और नागावान ब्लॉक शहजादपुर में बस क्यू शेल्टर का निर्माण + 1 कार्य। | 06.11.2023 14.11.2023 | 5.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव भाडोती खास ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में एसएलडब्ल्यूएम शैड (36×24) का निर्माण + 9 कार्य। | 07.11.2023 10.11.2023 | 43.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज तावडू, नूह | गांव सुंढ में शमशान घाट की चारदिवारी और राठीवास (पंचायत समिति) ब्लॉक तावडू, जिला नूह में स्कूल के स्टेज का निर्माण + 4 कार्य। | 07.11.2023 16.11.2023 | 66.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812376830 sdoprtru@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | राजपाल चन्द्रभान के मकान से राजकीय विद्यालय (गुलियाना) तक आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 07.11.2023 14.11.2023 | 14.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416386928 sdoprrajound@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | अपशिष्ट जल पाइप बिछाना ....... कार्य। | 08.11.2023 14.11.2023 | 13.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पानीपत | मौजूदा एसटीपी पीएचईडी जट्टाल रोड पानीपत और नोल्था, पालड़ी, बलाना और जोंधान खुर्द गांव पर कम्यूनिटी आधारित सोलर / ग्रिड पावर्ड इंटीग्रेटेड माइक्रो इरीगेशन इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना हेतु आकलन। | 01.11.2023 24.11.2023 | 6058.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059933744 xen23cppt@gmail.com |
| 17 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | विभिन्न आकारों की पॉलीप्रोपिलीन कंटेनर ऑटोमोटिव बैटरियों की खरीद। | 09.11.2023 29.11.2023 | 2.90 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcstore22@gmail.com |
| 18 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र में प्राची तीर्थ का पुनरोद्धार (हाई मास्ट टावर का प्रावधान) + 10 कार्य। | 08.11.2023 14.11.2023 | 64.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज पंचकूला | गणेशपुर (त्रिलोकपुर) ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में चौपाल में शैड और गांव भारौली में सामुदायिक केन्द्र के निकट शैड का निर्माण और पुरानी सीसी पर रिसाल सिंह के मकान से मेन गली तक आईपीबी गली का निर्माण। | 07.11.2023 14.11.2023 | 8.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 20 | खाद्य एवं आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग | क्षतिग्रस्त गेहूं (मानव उपभोग के लिए अयोग्य) की बिक्री के लिए ई-निविदा। | 07.11.2023 22.11.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 6283715050 foodstorage2@gmail.com |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 08 मदों तक, मदें निहित सूची (08 मदों का सिंगल लॉट)। | 09.11.2023 05.12.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 89 मदों तक, मदें निहित सूची (89 मदों का सिंगल लॉट)। | 09.11.2023 05.12.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 23 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 173 मदों तक, मदें निहित सूची (173 मदों का सिंगल लॉट)। | 09.11.2023 05.12.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 24 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 01 मदों तक, मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)। | 09.11.2023 05.12.2023 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 25 | पंचायती राज फतेहाबाद | अहलीसदर - गांव अहलीसदर में जीवीएच में चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 07.11.2023 17.11.2023 | 76.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2024/500/22536/I/88/7 दि. 08.11.23


पीएम ने प्रतिभाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया

# भारत की उद्यमशीलता के साथ ही रचनात्मक भावना का जश्न मनाएं

नागरिकों से लोकल के लिए वोकल होने का किया आग्रह



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय प्रतिभाओं के समर्थन और भारत की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जनता से डिजिटल मीडिया का उपयोग करके भारत की उद्यमशीलता और रचनात्मक भावना का जश्न मनाने का आग्रह किया। उन्होंने एक लिंक भी साझा किया, जिस पर लोग नमो एप पर उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी पोस्ट कर सकते हैं।

जल दिवाली अभियान

### देशभर से 4,100 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया



जल दिवाली अभियान के पहले दिन देश भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। महिलाएं पानी के लिए, पानी महिलाओं के लिए अभियान में देश भर से 4,100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और ओडिशा शहरी अकादमी की साझेदारी में अपनी अहम योजना अमृत के तहत "महिलाएं पानी के लिए, पानी महिलाओं के लिए" विषयक एक प्रमुख अभियान मंगलवार को शुरू किया था।

मोदी की अपील

### डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें

पीएम ने कहा कि ऐसे उत्पाद खरीदें जो स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों और फिर नमो ऐप पर उत्पाद या निर्माता के साथ एक सेल्फी पोस्ट करें। अपने मित्रों और परिवार को अपने सूत्र में शामिल होने और सकारात्मकता की भावना फैलाने के लिए आमंत्रित करें। आइए हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथ ही भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखने के लिए डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें।



### मुंबई में प्रदूषण मुक्त दिवाली अभियान शुरू

दिवाली से पहले मुंबई में बढ़ते पदूषण को लेकर लोग परेशान हैं। ऐसे में महाराष्ट्र मौसम विभाग और महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मिलकर मंत्रालय प्रांगण में प्रदूषण मुक्त दिवाली अभियान 2023 शुरू किया। इसमें स्कूली बच्चे शामिल हुए। सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अभियान की शुरुआत की। कई महिलाओं ने 250 जल संयंत्रों का दौरा किया।